हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

बुलेटिन भाग-2

(संसदीय एवं अन्य विषयों से सम्बन्धित सामान्य सूचना)
सोमवार, 23 मार्च, 2026/2 चैत्र, 1947(शक्)
गैर-सरकारी सदस्य कार्य

'संकल्प'

"ग्यारहवां सत्र"

संख्या: 237

मंगलवार, दिनांक 31 मार्च, 2026 को चर्चा हेतु लिए जाने वाले गैर-सरकारी सदस्यों के संकल्प जिनकी सूची निम्न प्रकार है।:-

1. नियम-101 के अन्तर्गत गैर-सरकारी सदस्य दिवस हेतु स्वीकृत संकल्पः

क्रम सं0	सदस्य का नाम	उद्धरण
(i)	श्री कुलदीप सिंह राठौर	यह सदन सरकार से सिफारिश करता है कि "केन्द्र सरकार द्वारा युरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका, न्यूज़ीलैंड और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (FTA) से प्रदेश के सेब/फल उत्पादकों की अर्थव्यवस्था को संरक्षित रखने हेतु नीति बनाने पर विचार करें"।
(ii)	डॉ0 जनक राज	यह सदन राज्य सरकार से सिफारिश करता है कि "प्रदेश में निर्माणाधीन तथा संचालित जल विद्युत परियोजनाओं के सामाजिक एवं पर्यावरणीय प्रभावों के आधार पर रोजगार सुनिश्चित करने हेतु नीति बनाने पर विचार करें"।
(iii)	श्री केवल सिंह पठानिया	यह सदन केन्द्र सरकार से सिफारिश करता है कि "राज्य की वर्तमान शिक्षा प्रणाली को तकनीकी, कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुख बनाये जाने हेतु नीति बनाने पर विचार करें"।
(iv)	श्री त्रिलोक जम्वाल	यह सदन राज्य सरकार से सिफारिश करता है कि "भाखड़ा बांध विस्थापितों की लम्बित समस्याओं के समाधान हेतु समग्र एवं समयबद्ध पुनर्वास नीति (Comprehensive Rehabilitation Policy) बनाने पर विचार करें"।

हस्ता०
सचिव,
हि0 प्र0 विधान सभा।